इसे वेबसाईट www.govtpressmp.nic.in से भी डाउन लोड किया जा सकता है.

मध्यप्रदेश राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 42]　　　　भोपाल, शुक्रवार, दिनांक 19 अक्टूबर 2012—आश्विन 27, शक 1934

विषय-सूची

भाग 1.—(1) राज्य शासन के आदेश, (2) विभाग प्रमुखों के आदेश, (3) उच्च न्यायालय के आदेश और अधिसूचनाएं, (4) राज्य शासन के संकल्प, (5) भारत शासन के आदेश और अधिसूचनाएं, (6) निर्वाचन आयोग, भारत की अधिसूचनाएं, (7) लोक-भाषा परिशिष्ट.

भाग 2.—स्थानीय निकाय की अधिसूचनाएं.

भाग 3.—(1) विज्ञापन और विविध सूचनाएं.
(2) सांख्यिकीय सूचनाएं.

भाग 4.—(क) (1) मध्यप्रदेश विधेयक, (2) प्रवर समिति के प्रतिवेदन, (3) संसद् में पुरःस्थापित विधेयक,
(ख) (1) अध्यादेश, (2) मध्यप्रदेश अधिनियम, (3) संसद् के अधिनियम,
(ग) (1) प्रारूप नियम, (2) अंतिम नियम.

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 25 सितम्बर 2012

क्र. ई.-1-360-2012-5-एक.—नीचे तालिका के खाना (2) में दर्शाये भाप्रसे के अधिकारियों को उनके नाम के समक्ष खाना (3) में दर्शाये गए पद पर अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न रूप से पदस्थ किया जाता है:—

तालिका

क्रमांक	अधिकारी का नाम तथा वर्तमान पदस्थापना	नवीन पदस्थापना
(1)	(2)	(3)
1	श्री योगेन्द्र शर्मा (1999), आयुक्त, नगर पालिक निगम, इंदौर.	कलेक्टर, सागर
2	श्री अजय गुप्ता (2009), अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) शुजालपुर, जिला शाजापुर.	मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, बालाघाट (कनिष्ठ वेतनमान में)
3	श्री अविनाश लवानिया (2009), अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) महू, जिला इंदौर.	मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत; बड़वानी (कनिष्ठ वेतनमान में)
4	श्री अभिषेक सिंह (2009), अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सबलगढ़ जिला मुरैना.	अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), महू, जिला इंदौर.

(2) भारत सरकार कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग की अधिसूचना क्रमांक 13017-53-2011-एआईएस-i दिनांक 30 अप्रैल, 2012 द्वारा

नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश द्वारा शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल से मुद्रित तथा प्रकाशित—2012.

डॉ. ई. रमेश कुमार, भाप्रसे (1999), कलेक्टर, सागर की सेवाएं अंत:संवर्गीय प्रतिनियुक्ति पर "3 वर्ष" के लिए मध्यप्रदेश संवर्ग से आंध्र प्रदेश संवर्ग को सौंपी गई हैं. अत: राज्य शासन डॉ. ई. रमेश कुमार को आंध्र प्रदेश संवर्ग में कार्यभार ग्रहण करने के लिए तत्काल प्रभाव से कार्यमुक्त करता है.

क्र. ई.-1-360-2012-5-एक (ए).—इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 25 सितम्बर, 2012 की तालिका 1 के अनुक्रमांक 2 एवं 3 में उल्लेखित अधिकारी क्रमश: श्री अजय गुप्ता, भाप्रसे (2009), अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), शुजालपुर, जिला शाजापुर को मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, बालाघाट (कनिष्ठ वेतनमान में) एवं श्री अविनाश लवानिया, भाप्रसे (2009), अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), महू, जिला इंदौर को मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, बड़वानी (कनिष्ठ वेतनमान में) पदस्थ किया गया है.

(2) उक्त पदस्थापना आदेश में एतद्द्वारा आंशिक संशोधन करते हुए, अब श्री अजय गुप्ता, भाप्रसे (2009), अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), शुजालपुर, जिला शाजापुर को मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, बड़वानी (कनिष्ठ वेतनमान में) तथा श्री अविनाश लवानिया, भाप्रसे (2009), अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), महू, जिला इंदौर को मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, बालाघाट (कनिष्ठ वेतनमान में) पदस्थ किया जाता है.

क्र. ई-5-464-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री जयदीप गोविन्द, आयएएस., मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं पदेन प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, विधि एवं विधायी कार्य (निर्वाचन) विभाग को दिनांक 18 से 27 सितम्बर 2012 तक, दस दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) श्री जयदीप गोविन्द की अवकाश अवधि में श्री एस. एस. बंसल, भाप्रसे संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी तथा पदेन अपर सचिव, मध्यप्रदेश शासन, विधि एवं विधायी कार्य (निर्वाचन) विभाग को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं पदेन प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, विधि एवं विधायी कार्य (निर्वाचन) विभाग का प्रभार सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री जयदीप गोविन्द को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं पदेन प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, विधि एवं विधायी कार्य (निर्वाचन) विभाग के पद पर पुन: पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री जयदीप गोविन्द द्वारा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं पदेन प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, विधि एवं विधायी कार्य (निर्वाचन) विभाग का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री एस. एस. बंसल, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं पदेन प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, विधि एवं विधायी कार्य (निर्वाचन) विभाग के प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री जयदीप गोविन्द को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री जयदीप गोविन्द अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

भोपाल, दिनांक 26 सितम्बर 2012

क्र. ई-5-356-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्रीमती स्नेहलता कुमार, आवासीय आयुक्त, मध्यप्रदेश एवं विशेष आयुक्त (समन्वय) मध्यप्रदेश, नई दिल्ली को दिनांक 1 से 19 अक्टूबर 2012 तक, उन्नीस दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा उक्त अवकाश के साथ दिनांक 30 सितम्बर 2012 एवं दिनांक 20, 21 अक्टूबर 2012 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति प्रदान की जाती है.

(2) श्रीमती स्नेहलता कुमार की अवकाश अवधि में उनका प्रभार श्री शिवानंद दुबे, भाप्रसे, सचिव, मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्रीमती स्नेहलता कुमार को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न आवासीय आयुक्त, मध्यप्रदेश एवं विशेष आयुक्त (समन्वय) मध्यप्रदेश, नई दिल्ली के पद पर पुन: पदस्थ किया जाता है.

(4) श्रीमती स्नेहलता कुमार द्वारा आवासीय आयुक्त, मध्यप्रदेश एवं विशेष आयुक्त (समन्वय) मध्यप्रदेश, नई दिल्ली का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री शिवानंद दुबे उक्त प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्रीमती स्नेहलता कुमार को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्रीमती स्नेहलता कुमार अवकाश पर नहीं जाती तो अपने पद पर कार्य करते रहतीं.

क्र. ई-5-547-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री शैलैन्द्र सिंह, आयएएस., प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग को दिनांक 25 से 29 सितम्बर 2012 तक, पांच दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री शैलैन्द्र सिंह, को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के पद पर पुन: पदस्थ किया जाता हैं.

(3) अवकाशकाल में श्री शैलैन्द्र सिंह को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री शैलैन्द्र सिंह अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई-5-792-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री ज्ञानेश्वर बी. पाटिल, आयएएस., कलेक्टर जिला श्योपुर को दिनांक 3 से 19 अक्टूबर 2012 तक, सत्रह दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. तथा उक्त अवकाश के साथ दिनांक 2 अक्टूबर 2012 एवं दिनांक 20, 21 अक्टूबर 2012 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने का अनुमति प्रदान की जाती है.

(2) श्री ज्ञानेश्वर बी. पाटिल की अवकाश अवधि में श्री एच. पी. वर्मा, राप्रसे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, श्योपुर को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, कलेक्टर, जिला श्योपुर का प्रभार सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री ज्ञानेश्वर बी. पाटिल को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न कलेक्टर, जिला श्योपुर के पद पर पुन: पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री ज्ञानेश्वर बी. पाटिल द्वारा कलेक्टर, जिला श्योपुर का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री एच. पी. वर्मा कलेक्टर, जिला श्योपुर के प्रभार के मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री ज्ञानेश्वर बी. पाटिल को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री ज्ञानेश्वर बी. पाटिल अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

भोपाल, दिनांक 27 सितम्बर 2012

क्र. ई-5-776-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री बी. चन्द्रशेखर, आयएएस., कलेक्टर, जिला बैतूल को दिनांक 28 सितम्बर से 3 अक्टूबर 2012 तक, छ: दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) श्री बी. चन्द्रशेखर की अवकाश अवधि में श्री शिवनारायण सिंह चौहान, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, बैतूल को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, कलेक्टर, जिला बैतूल का प्रभार सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री बी. चन्द्रशेखर को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न कलेक्टर, जिला बैतूल के पद पर पुन: पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री बी. चन्द्रशेखर, द्वारा कलेक्टर, जिला बैतूल का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री शिवनारायण सिंह चौहान कलेक्टर, जिला बैतूल के प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री बी. चन्द्रशेखर को अवकाश, वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री बी. चन्द्रशेखर अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

भोपाल, दिनांक 29 सितम्बर 2012

क्र. 4422-1480-2012-5-एक.—(1) श्री अजय नाथ, अयएएस., प्रमुख सचिव, म. प्र. शासन, वित्त विभाग को माननीय मुख्यमंत्रीजी के साथ दिनांक 30, सितम्बर, 2012 से दिनांक 6 अक्टूबर, 2012 तक विदेश (USA) जाने वाले प्रतिनिधि मंडल में शामिल किया गया है. उक्त विदेश यात्रा के अनुक्रम में उन्हें दिनांक 5 एवं 6 अक्टूबर, 2012 तक दो दिन का एक्स इंडिया अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री अजय नाथ को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, वित्त विभाग के पद पर पुन: पदस्थ किया जाता हैं.

(3) अवकाशकाल में श्री अजय नाथ को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री अजय नाथ अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

भोपाल, दिनांक 1 अक्टूबर 2012

क्र. ई-5-353-आयएएस-लीव-एक-5.—(1) श्री स्वदीप सिंह, आयएएस., अध्यक्ष, म. प्र. व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, भोपाल को दिनांक 18 से 26 अक्टूबर 2012 तक, नौ दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. उक्त अवकाश के साथ दिनांक 27, 28 एवं 29 अक्टूबर 2012 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) श्री स्वदीप सिंह की अवकाश अवधि में श्रीमती अजिता बाजपेई पाण्डे, आय.ए.एस. अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, अध्यक्ष, मध्यप्रदेश व्यावसायिक परीक्षा मण्डल भोपाल का प्रभार सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री स्वदीप सिंह को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न अध्यक्ष, मध्यप्रदेश व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, भोपाल के पद पर पुन: पदस्थ किया जाता हैं.

(4) श्री स्वदीप सिंह द्वारा अध्यक्ष, मध्यप्रदेश व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, भोपाल का कार्यभार ग्रहण करने पर श्रीमती अजिता बाजपेई पाण्डे, अध्यक्ष, मध्यप्रदेश व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, भोपाल के प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री स्वदीप सिंह को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलत था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री स्वदीप सिंह अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई-5-857-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) सुश्री आईरीन सिंथिया जे. पी. आयएएस., मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, भोपाल को दिनांक 1 अक्टूबर 2012 से दिनांक 29 मार्च 2013 तक, एक सौ अस्सी दिन का प्रसूति अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) सुश्री आईरीन सिंथिया जे. पी. की अवकाश की अवधि में श्री उमाशंकर भार्गव, अपर कलेक्टर, जिला भोपाल को अपने वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, भोपाल का प्रभार सौंपा जाता है.

(3) अवकाश से लौटने पर सुश्री आईरीन सिंथिया जे. पी. को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, भोपाल के पद पर पुन: पदस्थ किया जाता हैं.

(4) सुश्री आईरीन सिंथिया जे. पी. द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, भोपाल का कार्यभार ग्रहण करने पर श्री उमाशंकर भार्गव मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, भोपाल के प्रभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में सुश्री आईरीन सिंथिया जे. पी. को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता है कि यदि सुश्री आईरीन सिंथिया जे. पी. अवकाश पर नहीं जातीं तो अपने पद पर कार्य करती रहतीं.

भोपाल, दिनांक 3 अक्टूबर 2012

क्र. ई-5-465-आयएएस-लीव-एक-5.—(1) श्री प्रेमचंद मीना, आयएएस., आयुक्त-सह-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं तथा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य सहकारी तिलहन उत्पादक संघ तथा पदेन प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, सहकारिता विभाग को दिनांक 7 से 21 सितम्बर 2012 तक पन्द्रह दिन का अर्जित अवकाश कार्योत्तर स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री प्रेमचंद मीना को अस्थायी रुप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न आयुक्त-सह-पंजीयक, सहकारी संस्थाएं तथा प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य सहकारी तिलहन उत्पादक संघ तथा पदेन प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश शासन, सहकारिता विभाग के पद पर पुन: पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री प्रेमचंद मीना को अवकाश, वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री प्रेमचंद मीना अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई-5-486-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री विनोद चन्द्र सेमवाल, आयएएस., राज्यपाल के प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश को दिनांक 22 से 31 अक्टूबर 2012 तक, दस दिन का एक्स इंडिया अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा इस अवकाश के साथ दिनांक 20 एवं 21 अक्टूबर 2012 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री विनोद चन्द्र सेमवाल को अस्थायी रुप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न राज्यपाल के प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश के पद पर पुन: पदस्थ किया जाता हैं.

(3) अवकाशकाल में श्री विनोद चन्द्र सेमवाल को अवकाश, वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री विनोद चन्द्र सेमवाल अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई-5-808-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्री राजेन्द्र शर्मा, आयएएस., अपर सचिव, मध्यप्रदेश शासन, खनिज साधन विभाग को दिनांक 30 अक्टूबर से 7 नवम्बर 2012 तक, नौ दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है तथा इस अवकाश के साथ दिनांक 27, 28 एवं 29 अक्टूबर 2012 का सार्वजनिक अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री राजेन्द्र शर्मा को अस्थायी रुप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न अपर सचिव, मध्यप्रदेश शासन, खनिज साधन विभाग के पद पर पुन: पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री राजेन्द्र शर्मा को अवकाश, वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री राजेन्द्र शर्मा अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

क्र. ई-5-814-आयएएस-लीव-5-एक.—(1) श्रीमती उर्मिल मिश्रा, आयएएस., अपर आयुक्त, भोपाल/नर्मदापुरम संभाग, को दिनांक 28 अगस्त से 4 सितम्बर 2012 तक, आठ दिन का लघुकृत अवकाश कार्योत्तर स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्रीमती उर्मिल मिश्रा को अस्थायी रुप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न अपर आयुक्त, भोपाल/नर्मदापुरम संभाग के पद पर पुन: पदस्थ किया जाता हैं.

(3) अवकाशकाल में श्रीमती उर्मिल मिश्रा को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्रीमती उर्मिल मिश्रा अवकाश पर नहीं जातीं तो अपने पद पर कार्य करती रहतीं.

क्र. ई-5-848-आयएएस-लीव-एक-5.—(1) श्री लक्ष्मीकांत द्विवेदी, आयएएस., उप सचिव, मध्यप्रदेश शासन, नर्मदा घाटी एवं विकास विभाग को दिनांक 30 अक्टूबर से 9 नवम्बर 2012 तक, ग्यारह दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री लक्ष्मीकांत द्विवेदी को अस्थायी रुप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न उप सचिव, मध्यप्रदेश शासन, नर्मदा घाटी एवं विकास विभाग के पद पर पुन: पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री लक्ष्मीकांत द्विवेदी को अवकाश, वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री लक्ष्मीकांत द्विवेदी अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
आर. परशुराम, मुख्य सचिव.

भोपाल, दिनांक 28 सितम्बर 2012

क्र. एफ-ए-5-16-2011-एक.—(1) राज्य शासन द्वारा माननीय न्यायाधिपति महोदय श्री एस.एन. अग्रवाल, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, ग्वालियर, खण्डपीठ ग्वालियर को निम्नांकित विवरण अनुसार अवकाश स्वीकृत किया जाता है :—

अ. क्र.	अवकाश अवधि	कुल दिन	अवकाश का प्रकार	अभियुक्ति
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1	दिनांक 23-07-2012 से 27-07-2012 तक	05 दिन	पूर्ण वेतन तथा भत्तों सहित अवकाश.	अवकाश के पूर्व में दिनांक 21 एवं 22 जुलाई 2012 तथा पश्चात् में दिनांक 28 एवं 29 जुलाई 2012 तक के सार्वजनिक अवकाश का लाभ उठाने की अनुमति सहित.

क्र. एफ-ए-5-27-2011-एक.—(1) राज्य शासन द्वारा माननीय न्यायाधिपति महोदय श्री एस.सी. सिन्हों, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर को निम्नांकित विवरण अनुसार अवकाश स्वीकृत किया जाता है :—

अ. क्र.	अवकाश अवधि	कुल दिन	अवकाश का प्रकार	अभियुक्ति
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1	दिनांक 23-07-2012 से 03-08-2012 तक	12 दिन	पूर्ण वेतन तथा भत्तों सहित अवकाश.	अवकाश के पूर्व में दिनांक 21 एवं 22 जुलाई 2012 तथा अवकाश के पश्चात् में दिनांक 04 एवं 05 अगस्त 2012 तक के सार्वजनिक अवकाश का लाभ उठाने की अनुमति सहित.

क्र. एफ-ए-5-35-2011-एक.—(1) राज्य शासन द्वारा माननीय न्यायाधिपति महोदया श्रीमती विमला जैन, मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय, जबलपुर को निम्नांकित विवरण अनुसार अवकाश स्वीकृत किया जाता है :—

अ. क्र.	अवकाश अवधि	कुल दिन	अवकाश का प्रकार	अभियुक्ति
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
1	दिनांक 26-07-2012 से 27-07-2012 तक	02 दिन	पूर्ण वेतन तथा भत्तों सहित कम्युटेड अवकाश.	—

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
बी. आर. विश्वकर्मा, उपसचिव.

नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 13 सितम्बर 2012

क्र. F 2-11-2010-साठ.—श्री विजेन्द्र सिंह सिसोदिया, अध्यक्ष, मध्यप्रदेश ऊर्जा विकास निगम का कार्यकाल दिनांक 21 सितम्बर 2012 को समाप्त हो रहा है. अत: इनके कार्यकाल में राज्य शासन द्वारा दिनांक 21 सितम्बर 2012 से 2 वर्ष की तत्काल प्रभाव से वृद्धि की जाती है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
कल्पना जैन, अवर सचिव.

गृह विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 6 अक्टूबर 2012

क्र. एफ-1 (ए) 253-88-ब-2-दो.—डॉ. आर. के. गर्ग, भापुसे, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो, पुलिस मुख्यालय, भोपाल को दिनांक 24 एवं 25 सितम्बर 2012 तक, दो दिवस अर्जित अवकाश, 23 सितम्बर 2012 के विज्ञप्त अवकाश के लाभ के साथ कार्योत्तर स्वीकृत किया जाता है.

(2) उक्त अवकाश अवधि में डॉ. आर. के. गर्ग, भापुसे, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो, पुलिस मुख्यालय, भोपाल का कार्य श्री एस. के. झा, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक, राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो, पुलिस मुख्यालय, भोपाल द्वारा अतिरिक्त रूप से संपादित किया जायेगा.

(3) अवकाश से लौटने पर डॉ. आर. के. गर्ग, भापुसे, को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो, पुलिस मुख्यालय, भोपाल के पद पर पुन: पदस्थ किया जाता है.

(4) डॉ. आर. के. गर्ग, भापुसे, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, राज्य अपराध अभिलेख ब्यूरो, पुलिस मुख्यालय, भोपाल का कार्यभार ग्रहण करने पर कंडिका-2 में अतिरिक्त कार्यभार हेतु निर्देशित अधिकारी स्वमेव अतिरिक्त कार्यभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में डॉ. आर. के. गर्ग, भापुसे, को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता हैं कि यदि डॉ. आर. के. गर्ग, भापुसे, उक्त अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

क्र. एफ-1 (ए)145-90-ब-2-दो.—श्री अरविंद कुमार, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक, (प्रशासन) पुलिस मुख्यालय, भोपाल को दिनांक 03 से 10 अक्टूबर 2012 तक, आठ दिवस अर्जित अवकाश, 02 अक्टूबर 2012 के विज्ञप्त अवकाश के लाभ के साथ स्वीकृत किया जाता है.

(2) उक्त अवकाश अवधि में श्री अरविंद कुमार, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक, (प्रशासन) पुलिस मुख्यालय, भोपाल का कार्य श्री बी. बी. एस. ठाकुर, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक, (कार्मिक) पुलिस मुख्यालय, भोपाल द्वारा अतिरिक्त रूप से संपादित किया जायेगा.

(3) अवकाश से लौटने पर श्री अरविंद कुमार, भापुसे, को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न पुलिस महानिरीक्षक, (प्रशासन) पुलिस मुख्यालय, भोपाल के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(4) श्री अरविंद कुमार, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक, (प्रशासन) पुलिस मुख्यालय, भोपाल का कार्यभार ग्रहण करने पर कंडिका-2 में अतिरिक्त कार्यभार हेतु निर्देशित अधिकारी स्वमेव अतिरिक्त कार्यभार से मुक्त होंगे.

(5) अवकाशकाल में श्री अरविंद कुमार, भापुसे, को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(6) प्रमाणित किया जाता हैं कि यदि श्री अरविंद कुमार, भापुसे, उक्त अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

भोपाल, दिनांक 8 अक्टूबर 2012

क्र. एफ-1 (ए)150-90-ब-2-दो.—श्री संजय व्ही. माने, भापुसे, पुलिस महानिरीक्षक, जेल एवं सुधारात्मक सेवाएं, मध्यप्रदेश, भोपाल को दिनांक 10 से 19 अक्टूबर 2012 तक, दस दिवस अर्जित अवकाश, 20 एवं 21 अक्टूबर 2012 के विज्ञप्त अवकाश के लाभ के साथ स्वीकृत किया जाता है.

(2) अवकाश से लौटने पर श्री संजय व्ही. माने, भापुसे, को अस्थायी रूप से, आगामी आदेश तक, स्थानापन्न पुलिस महानिरीक्षक, जेल एवं सुधारात्मत सेवाएं, मध्यप्रदेश, भोपाल के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

(3) अवकाशकाल में श्री संजय व्ही. माने, भापुसे, को अवकाश वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

(4) प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री संजय व्ही. माने, भापुसे, उक्त अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर बने रहते.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
इन्द्रनील शंकर दाणी, अपर मुख्य सचिव.

तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 9 अक्टूबर 2012

क्र. एफ 14-17-2012-बयालीस(1).—सरदार वल्लभभाई पोलीटेकनिक महाविद्यालय, भोपाल में संचालित तीन वर्षीय एप्लाइड वीडियोग्राफी डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु अर्हकारी अर्हता भौतिक, रसायन एवं गणित विषय में 12वीं कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है.

2. राज्य शासन द्वारा यह निर्णय लिया गया कि उपरोक्त अर्हता के स्थान पर तीन वर्षीय एप्लाइड वीडियोग्राफी डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु अर्हता निम्नानुसार निर्धारित की जाए:—

12वीं कक्षा उत्तीर्ण होने के साथ विज्ञान एवं गणित विषय के साथ 10वीं कक्षा अनिवार्य रूप से उत्तीर्ण हो.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
राधा बापट, अवर सचिव.

परिवहन विभाग
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 10 अक्टूबर 2012

क्र. एफ-22-50-2011-आठ.—बुदनी, जिला सीहोर, मध्यप्रदेश में स्थापित विद्यमान औद्योगिक प्रतिष्ठानों में कार्यरत् महिला कर्मचारियों को उनके निवास से कार्य स्थल तक बेहतर आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश मोटरयान कराधान अधिनियम, 1991 की धारा 21 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये, राज्य शासन, एतद्द्वारा, मंजिली गाड़ी अनुज्ञापत्र के अंतर्गत आने वाले और नीचे विनिर्दिष्ट मार्गों पर औद्योगिक प्रतिष्ठान द्वारा संचालित बसों में केवल महिलाकर्मियों के लिये कर के संदाय से 85 प्रतिशत की छूट प्रदान करता है.

उपरोक्तानुसार कर में 85 प्रतिशत की रियायत इस शर्त के अधीन प्रदान की जाती है कि संबंधित कंपनी द्वारा महिलाकर्मियों को

पहचान-पत्र जारी किये जावें तथा केवल उन महिलाकर्मियों के निवास से कार्य स्थल तक आवागमन के लिये वाहन का उपयोग किया जावेगा. शर्त का उल्लंघन होने पर कंपनी पर अर्थदण्ड अधिरोपित किया जा सकेगा.

उक्त छूट इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशित होने की दिनांक से लागू होगी.

मार्ग—

1 बुधनी से शाहगंज
2 बुधनी से होशंगाबाद
3 बुधनी से सलकनपुर

No. F-22-50-2011-VII.—In exercise of powers conferred under seetion-21 of M. P. Motaryan Karadhan Adhiniyam, 1991 the State Government here by grants 85% exemption in the payment of tax under the said Aet to the buses eovered under stage earriage permit & operated by the existing industrial eatablishments on the routes speeified below:

This exemption shall be applieable only to the buses engaged by industrial establishments to earry the female employees of the indusrial establishments situated at Budhni distt. Sehore.

The said 85% exemption of tax shall be under the special condition that the industrial establishments shall issue identity-cards to the female employees and the buses shall be solely used for carrying female employees from their residence to the working plaee. In case of violation of this condition penalty can be imposed on the concerned industrial establishment. This exemption of tax shall be applicable from the date of publieation of this notifieation in the Madhya Pradesh Gazette.

Routes:—

1. Budhni—Shahganj
2. Budhni—Hoshangabad
3. Budhni—Salkanpur

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
मनीष श्रीवास्तव, सचिव.

विभाग प्रमुखों के आदेश

कार्यालय, कुलाध्यक्ष, राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय, ग्वालियर

आदेश

राजभवन, भोपाल, दिनांक 8 अक्टूबर 2012

क्र. एफ. 1-3-12-रा.स.-यू. ए.1-1595.—राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 (क्रमांक 3 सन् 2009) की धारा 26 की उपधारा (1) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मैं, राम नरेश यादव, कुलाध्यक्ष, राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय, ग्वालियर एतद्द्वारा प्रो. (श्रीमती) स्वतंत्र शर्मा, प्रोफेसर संगीत एवं प्रदर्शन कला विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, इलाहाबाद (उ. प्र.) को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से चार वर्ष की कालावधि या 70 वर्ष की आयु जो भी पहले हो के लिये राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय, ग्वालियर का कुलपति नियुक्त करता हूँ.

2. इनकी सेवा शर्तें एवं निबंधन विश्वविद्यालय के परिनियम-1 के अनुसार शासित होंगी.

राम नरेश यादव, कुलाध्यक्ष.

आर. सी. वी. पी. नरोन्हा प्रशासन अकादमी
मध्यप्रदेश, भोपाल
(विभागीय परीक्षा प्रकोष्ठ)

भोपाल, दिनांक 10 अक्टूबर 2012

क्र. 7840-3452-अका-विपप्र-2012.—राज्य शासन द्वारा वन विभाग के अधिकारियों के लिये विभागीय परीक्षा, जो दिनांक 13 अगस्त 2012 को प्रश्नपत्र-प्रक्रिया तथा लेखा (पुस्तकों सहित) विषय में सम्पन्न हुई थी, में सम्मिलित निम्न परीक्षार्थियों को उत्तीर्ण घोषित किया जाता है :—

अनुक्रमांक (1)	परीक्षार्थी का नाम (2)	पदनाम (3)
	भोपाल संभाग	
1	श्री संजय पाठक	सहायक वन संरक्षक
2	श्री जयराज सिंह राठौर	सहायक वन संरक्षक
3	श्री आर. के. सिंह	सहायक वन संरक्षक
4	श्री रामकुमार	वन क्षेत्रपाल
	होशंगाबाद संभाग	
5	कु. मोनिका मण्डलोई	सहायक वन संरक्षक
6	श्री मनोज कटारिया	सहायक वन संरक्षक
7	सुश्री प्रतिभा टिटारे	सहायक वन संरक्षक
8	कु. वंदना भलावी	वन क्षेत्रपाल
9	सुश्री श्रीतिबाला ठाकुर	वन क्षेत्रपाल
10	श्री आशीष कुमार खोब्रागड़े	वन क्षेत्रपाल
11	श्री अजय वाहने	वन क्षेत्रपाल
12	श्री सिद्धार्थ दीपंकर	वन क्षेत्रपाल
13	श्री पंकज चौहान	वन क्षेत्रपाल
14	कु. विनीता जाटव	वन क्षेत्रपाल
15	श्री हेमराज वट	वन क्षेत्रपाल
16	श्री मुकेश कुमार डुडवे	वन क्षेत्रपाल
17	सुश्री पुष्पलता मौर्य	वन क्षेत्रपाल
18	श्री सेवक राम मण्डलोई	वन क्षेत्रपाल
19	श्री बाबूलाल मुवैल	वन क्षेत्रपाल
20	श्री देवेन्द्र सिंह	वन क्षेत्रपाल
	इन्दौर संभाग	
21	श्री गुरूवन्त सिंह सिसोदिया	सहायक वन संरक्षक
22	श्री राकेश कुमार डामर	सहायक वन संरक्षक
23	श्री अशोक कुमार सोलंकी	सहायक वन संरक्षक
24	श्री विजय सिंह मौर्य	सहायक वन संरक्षक
25	श्री अजय सागर	सहायक वन संरक्षक
26	श्री पीरूलाल परिहार	सहायक वन संरक्षक
27	श्री राकेश कुमार सोलंकी	सहायक वन संरक्षक
	जबलपुर संभाग	
28	सुश्री शैलजा ठाकुर जागेत	सहायक वन संरक्षक
29	श्री रविन्द्र कुमार ज्योतिषी	सहायक वन संरक्षक
30	श्री इन्द्र सिंह धाकड़	वन क्षेत्रपाल
31	श्री हृदयलाल सिंह	वन क्षेत्रपाल
32	कु. अभिश्वेता रावत	वन क्षेत्रपाल
33	श्री सुनील कुमार सुलिया	वन क्षेत्रपाल
34	कु. प्रिती शाक्य	वन क्षेत्रपाल
35	श्री रामनरेश लोहार	वन क्षेत्रपाल
36	श्री कृष्ण कुमार खरे	वन क्षेत्रपाल
37	श्री बसंत कुमार बरकड़े	वन क्षेत्रपाल
38	श्री देवेश खराड़ी	वन क्षेत्रपाल
39	श्री गुलाब सिंह निगंवाल	वन क्षेत्रपाल
40	सुश्री अर्चना नारनवरे	सहायक वन संरक्षक
41	श्री हरिकरण पटेल	सहायक वन संरक्षक
42	श्री भूरा गायकवाड़	सहायक वन संरक्षक
43	श्री संजीव कुमार यादव	सहायक वन संरक्षक
44	श्री रीतेश सरोठिया	सहायक वन संरक्षक
45	श्री भानू प्रकाश	सहायक वन संरक्षक
46	श्री अशोक कुमार गौतम	सहायक वन संरक्षक
47	श्री राकेश शाक्यवार	सहायक वन संरक्षक
48	श्री मुकेश अलावा	सहायक वन संरक्षक
49	श्री श्रीराम सुत्रकार	सहायक वन संरक्षक
50	श्री लक्ष्मी नारायण चौधरी	सहायक वन संरक्षक
51	श्री यशपाल मैहरा	वन क्षेत्रपाल
52	सुश्री मंजु उईके	वन क्षेत्रपाल
53	श्री अरूण कुमार महाले	वन क्षेत्रपाल
54	श्री संदीप रावत	वन क्षेत्रपाल
55	श्री राजेश चौहान	वन क्षेत्रपाल
56	श्री जितेन्द्र अवासे	वन क्षेत्रपाल
57	श्री सुरेन्द्र सिंह जाटव	वन क्षेत्रपाल
58	श्री जुलियस पिपलाद	वन क्षेत्रपाल
	रीवा संभाग	
59	श्री राजेश कुमार निनामा	सहायक वन संरक्षक
60	श्री ए. के. सिंह	सहायक वन संरक्षक
61	श्री कृष्ण बहादुर सिंह	सहायक वन संरक्षक
62	श्री शिव सेवक पटेल	सहायक वन संरक्षक
63	श्री रामेश्वर उईके	वन क्षेत्रपाल
	शहडोल संभाग	
64	श्री अनूप धुर्वे	सहायक वन संरक्षक
65	श्री राजेन्द्र सिंह नरगेश	वन क्षेत्रपाल
66	श्री मनोज कुमार वास्कले	वन क्षेत्रपाल
67	श्री शिव कुमार ककोड़िया	वन क्षेत्रपाल
68	श्री मोहन दास मानिकपुरी	वन क्षेत्रपाल
69	श्री विवेक कुमार कोल	वन क्षेत्रपाल
70	श्रीमती संगीता सिंह	वन क्षेत्रपाल

क्र. 7842-3472-बपप्र-2012.—राज्य शासन द्वारा वाणिज्यिक कर विभाग के अधिकारियों के लिये विभागीय परीक्षा, जो दिनांक 8 अगस्त 2012 को प्रश्नपत्र-कार्यालयीन संगठन तथा प्रक्रिया विषय

में सम्पन्न हुई थी, में सम्मिलित निम्न परीक्षार्थियों को उत्तीर्ण घोषित किया जाता है :—

अनुक्रमांक (1)	परीक्षार्थी का नाम (2)	पदनाम (3)
	उच्चस्तर	
	भोपाल संभाग	
1	श्री रीतेश पटेल	कराधान सहायक
2	श्री संदीप चड़ार	कराधान सहायक
3	श्री गौरव शर्मा	
4	श्री जुगत किशोर	कराधान सहायक
5	श्री अबुल हसन	कराधान सहायक
6	सुश्री रीटा शर्मा	कराधान सहायक
7	कु. रेखा बड़ोदे	कराधान सहायक
	इन्दौर संभाग	
8	श्रीमती रिंकी बामनिया	वाणिज्यिक कर अधिकारी
9	डॉ. ऋचा नौगरईया	वाणिज्यिक कर अधिकारी
10	श्री राजेश भाबोर	वाणिज्यिक कर अधिकारी
11	कु. वर्षा उइके	सहायक वाणिज्यिक कर अधिकारी.
12	श्रीमती विनया दीक्षित गुप्ता	वाणिज्यिक कर निरीक्षक
13	श्री मंसूर अली	कराधान सहायक
14	श्री योगेश मेहदेले	कराधान सहायक
15	श्रीमती ममता काले	कराधान सहायक
16	श्रीमती रेखा चौहान	कराधान सहायक
17	श्री दीपराज रावत	कराधान सहायक
18	कु. सोनाली गुप्ता	कराधान सहायक
19	कु. क्षमा अग्रवाल	कराधान सहायक
20	कु. चंचल अवासिया	कराधान सहायक
21	श्री संदीप गुजराती	कराधान सहायक
22	श्री इन्दरसिंह चंगोड़	कराधान सहायक
23	श्री लोकेश मीणा	कराधान सहायक
24	श्री मेहताब सिंह सिसोदिया	कराधान सहायक
	ग्वालियर संभाग	
25	श्री रामपाल त्रिपाठी	वाणिज्यिक कर निरीक्षक
26	श्री आशुतोष दुबे	वाणिज्यिक कर निरीक्षक
27	श्री महेन्द्र चंदेरिया	वाणिज्यिक कर निरीक्षक
28	श्री पवन कुमार दोहरे	वाणिज्यिक कर निरीक्षक
	जबलपुर संभाग	
29	श्री संजय सिंह	वाणिज्यिक कर अधिकारी
30	श्रीमती सीमा श्रीवास्तव	कराधान सहायक
31	श्रीमती मीनाक्षी मेरावी	वाणिज्यिक कर अधिकारी
32	श्री रत्नेश प्रताप सिंह परिहार	वाणिज्यिक कर निरीक्षक
33	श्री राजेश यादव	वाणिज्यिक कर निरीक्षक
34	श्री संतोष कुमार गुप्ता	वाणिज्यिक कर निरीक्षक
35	श्रीमती बेगम मरावी	कराधान सहायक
36	श्री शिवनाथ रनपीसिया	कराधान सहायक
37	श्री पीयुष मालवीय	कराधान सहायक
38	श्री सुरेन्द्र कुमार गौरव	कराधान सहायक
39	श्री मनोज कुमार उके	कराधान सहायक
40	श्री दीपके कुमार डेहरिया	कराधान सहायक
41	कु. संध्या यादव	कराधान सहायक
42	कु. नीता धुर्वे	कराधान सहायक
43	श्री रजीत सिंह राजपूत	कराधान सहायक
44	श्री शिवशंकर लोधी	कराधान सहायक
45	श्री अरविन्द कुमार लोधी	कराधान सहायक
46	कु. ज्योती नापित	कराधान सहायक
47	श्री ज्ञानचंद सल्लाम	कराधान सहायक
48	सुश्री रश्मि रेखा सिंह	वाणिज्यिक कर निरीक्षक
	निम्नस्तर	
	भोपाल संभाग	
1	श्री मनोज एस. लालवानी	वाणिज्यिक कर निरीक्षक
2	श्री सुधीर कुमार सोनी	कराधान सहायक
3	श्री संजय कुमार केशरवानी	कराधान सहायक
4	कु. प्रीति धुर्वे	वाणिज्यिक कर निरीक्षक
	सागर संभाग	
5	श्री सत्यम चौबे	वाणिज्यिक कर निरीक्षक
6	श्री राजेश कुमार शुक्ला	कराधान सहायक
7	श्री धनीराम चढ़ार	कराधान सहायक
	इन्दौर संभाग	
8	श्री आशुतोष उपाध्याय	वाणिज्यिक कर निरीक्षक
9	कु. उषा करोले	कराधान सहायक
10	सुश्री रीना उइके	कराधान सहायक
11	श्री जगतसिंह निगंवाल	कराधान सहायक
12	श्री सुनील भाटिया	कराधान सहायक
13	कु. अंतिम दरड़ा	कराधान सहायक
14	कु. अनविक्षा परमार	कराधान सहायक
15	श्री संदीप कुमार कुशवाह	कराधान सहायक
16	श्री रविशरण सिंह	वाणिज्यिक कर निरीक्षक
17	श्री कैलाश नरगावें	कराधान सहायक
18	श्री संदीप अग्रवाल	कराधान सहायक
19	डॉ. अर्चना अग्रवाल	कराधान सहायक
	जबलपुर संभाग	
20	श्री दीपक कुमार कमलेश	कराधान सहायक
21	श्री मृत्युंजय तिवारी	कराधान सहायक

क्र. 7844-3477-अका-विपप्र-2012.—राज्य शासन द्वारा किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के अधिकारियों के लिये विभागीय परीक्षा, जो दिनांक 13 अगस्त 2012 को प्रश्न-पत्र लेखा द्वितीय

(बिना पुस्तकों के) विषय में सम्पन्न हुई थी, में सम्मिलित निम्न परीक्षार्थियों को उत्तीर्ण घोषित किया जाता है :—

अनुक्रमांक (1)	परीक्षार्थी का नाम (2)	पदनाम (3)

उच्चस्तर

सागर संभाग

1	श्री जितेन्द्र सिंह राजपूत	सहायक संचालक, कृषि
2	श्री संजय मौर्य	वरिष्ठ उद्यानिकी विस्तार अधिकारी.

उज्जैन संभाग

3	श्री मनोज सिंह	सहायक संचालक, कृषि

इन्दौर संभाग

4	श्री कैलाश चौहान	सहायक संचालक, कृषि
5	श्री पर्वतसिंह बड़ोले	वरिष्ठ उद्यानिकी विकास अधिकारी.

क्र. 7846-3461-अका-विपप्र-2012.—राज्य शासन द्वारा किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के अधिकारियों के लिये विभागीय परीक्षा, जो दिनांक 13 अगस्त 2012 को प्रश्न-पत्र लेखा प्रथम (पुस्तकों सहित) विषय में सम्पन्न हुई थी, में सम्मिलित निम्न परीक्षार्थियों को उत्तीर्ण घोषित किया जाता है :—

अनुक्रमांक (1)	परीक्षार्थी का नाम (2)	पदनाम (3)

उच्चस्तर

उज्जैन संभाग

1	श्री मनोज सिंह	सहायक संचालक, कृषि
2	श्रीमती निशा सोलंकी	सहायक संचालक, कृषि
3	श्री श्यामलाल सोलंकी	सहायक संचालक, कृषि

सागर संभाग

4	श्री संजय मौर्य	वरिष्ठ उद्यानिकी विस्तार अधिकारी.

इन्दौर संभाग

5	श्री कैलाश चौहान	सहायक संचालक, कृषि
6	श्री पर्वतसिंह बड़ोले	वरिष्ठ उद्यानिकी विकास अधिकारी.

निम्नस्तर

सागर संभाग

1	श्री जितेन्द्र सिंह राजपूत	सहायक संचालक, कृषि

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अनुराग श्रीवास्तव, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी.

भोपाल, दिनांक 10 अक्टूबर 2012

क्र. 7852-3441-अका-विपप्र-2012.—राज्य शासन द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों के लिये विभागीय परीक्षा, जो दिनांक 9 अगस्त 2012 को प्रश्नपत्र-लेखा द्वितीय (पुस्तकों सहित) विषय में सम्पन्न हुई थी, में सम्मिलित निम्न परीक्षार्थियों को उत्तीर्ण घोषित किया जाता है :—

अनुक्रमांक (1)	परीक्षार्थी का नाम (2)	पदनाम (3)

उच्चस्तर

रीवा संभाग

2	श्री राज नारायण सिंह	बाल विकास परियोजना अधिकारी.

होशंगाबाद संभाग

2	श्री धमेन्द्र अग्रवाल	बाल विकास परियोजना अधिकारी.

इन्दौर संभाग

3	कु. पल्लवी परमार	बाल विकास परियोजना अधिकारी.
4	कु. कविता चौहान	बाल विकास परियोजना अधिकारी.
5	श्री सुनील कुमार सोलंकी	बाल विकास परियोजना अधिकारी.
6	श्री रूपसिंह सिसोदिया	बाल विकास परियोजना अधिकारी.
7	श्री मुकेश भूरिया	बाल विकास परियोजना अधिकारी.
8	श्री कमलसिंह निगंवाल	बाल विकास परियोजना अधिकारी.

क्र. 7854-3460-अका-विपप्र-2012.—राज्य शासन द्वारा पंचायत एवं सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारियों के लिये विभागीय परीक्षा, जो दिनांक 9 अगस्त 2012 को प्रश्नपत्र-लेखा प्रथम एवं लेखा द्वितीय विषय में सम्पन्न हुई थी, में सम्मिलित निम्न परीक्षार्थियों को उत्तीर्ण घोषित किया जाता है :—

अनुक्रमांक (1)	परीक्षार्थी का नाम (2)	पदनाम (3)

उच्चस्तर

उज्जैन संभाग

2	श्री छगन सिंह बामनिया	अधीक्षक, बालगृह

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
गोपा पाण्डे, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी.

कार्यालय, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, रीवा संभाग, रीवा, मध्यप्रदेश

संकल्प

(क्रमांक 1/2012) रीवा, दिनांक 30 अगस्त 2012

जिला सड़क सुरक्षा समिति, रीवा की बैठक दिनांक 26 जुलाई 2012 के पद क्रमांक 16(7) में लिए गए निर्णय पर विचार करने के पश्चात् अधोहस्ताक्षरकर्ता को इस आशय का समाधान हो गया है कि रीवा नगर में बढ़ते यातायात के दबाव को नियंत्रित करने एवं आम जनता को हो रही असुविधा को ध्यान में रखते हुए रेल्वे स्टेशन, रीवा से अथवा रेल्वे स्टेशन, रीवा तक प्रक्रम वाहनों (12+1 से अधिक बैठक क्षमता वाले) का संचालन प्रतिबंधित किया जाना अपरिहार्य हो गया है.

अतएव, मैं, प्रदीप खरे, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार, रीवा संभाग, मध्यप्रदेश मोटर यान नियम, 1994 के नियम 204 के उप नियम 1 (A) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, एतद्द्वारा रीवा रेल्वे स्टेशन में सभी प्रकार के प्रक्रम वाहनों, जिनकी बैठक क्षमता 12+1 से अधिक है, को खड़ा रखने, उनके द्वारा सवारियाँ चढ़ाने अथवा सवारियाँ उतारने संबंधी गतिविधियों को 1 सितम्बर 2012 से प्रतिबंधित करता हूँ.

प्रदीप खरे, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार एवं कमिश्नर.

रीवा, दिनांक 31 अगस्त 2012

आदेश

क्र. 1070-याता.स.सु.-12.—जिला सड़क सुरक्षा समिति, रीवा की बैठक दिनांक 26 जुलाई 2012 के पद क्रमांक 16(7) में वर्णित निर्णय पर विचारोपरान्त क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार एवं कमिश्नर महोदय, रीवा संभाग, रीवा के संकल्प क्र. 01/2012, दिनांक 30 अगस्त 2012 द्वारा मध्यप्रदेश मोटर यान नियम, 1994 के नियम 204 के उपनियम 1(ए) में वर्णित प्रावधानों के तहत्, रीवा रेल्वे स्टेशन में सभी प्रकार के प्रक्रम वाहनों, जिनकी बैठक क्षमता 12+1 से अधिक है, को खड़ा रखने उनके द्वारा सवारियाँ चढ़ाने अथवा सवारियाँ उतारने संबंधी गतिविधियों को प्रतिबंधित किया गया है.

उपरोक्त संकल्प के परिपालन में, रीवा रेल्वे स्टेशन पर सभी प्रकार के प्रक्रम वाहनों, जिनकी बैठक क्षमता 12+1 से अधिक है, को खड़ा रखने, उनके द्वारा सवारियाँ चढ़ाने अथवा सवारियाँ उतारने संबंधी गतिविधियों को 1 सितम्बर 2012 से पूर्णत: प्रतिबंधित किया जाता है.

आर. पी. तिवारी, सचिव, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार.

राज्य शासन के आदेश

राजस्व विभाग

कार्यालय, कलेक्टर, जिला सीहोर, मध्यप्रदेश एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

सीहोर, दिनांक 27 सितम्बर 2012

प्र. क्र. 18-अ-82-2011-12.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में वर्णित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार, इसके द्वारा, सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई समस्त शक्तियों का प्रयोग करने के लिये अधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का विवरण				धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
सीहोर	नसरूल्लागंज	छीपानेर	1.513	कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग, सीहोर.	छीपानेर उद्वहन सिंचाई योजना की नहर हेतु.

(2) भूमि के नक्शे (प्लान) का निरीक्षण, कार्यालय, अनुविभागीय अधिकारी/भू-अर्जन अधिकारी, नसरूल्लागंज के कार्यालय में किया जा सकता है.

(3) उपरोक्त के संबंध में किसी भी व्यक्ति को यदि कोई आपत्ति हो तो वह 30 दिवस के भीतर अ.वि.अ. कार्यालय नसरूल्लागंज में प्रस्तुत कर सकेंगे.

प्र. क्र. 19-अ-82-2011-12.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में वर्णित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार, इसके द्वारा, सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई समस्त शक्तियों का प्रयोग करने के लिये अधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का विवरण				धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
सीहोर	नसरूल्लागंज	बोडी	4.811	कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग, सीहोर.	घोघरा काम्प्लेक्स की गोपालपुर वितरिका की नहर हेतु.

(2) भूमि के नक्शे (प्लान) का निरीक्षण, कार्यालय, अनुविभागीय अधिकारी/भू-अर्जन अधिकारी, नसरूल्लागंज के कार्यालय में किया जा सकता है.

(3) उपरोक्त के संबंध में किसी भी व्यक्ति को यदि कोई आपत्ति हो तो वह 30 दिवस के भीतर अ.वि.अ. कार्यालय नसरूल्लागंज में प्रस्तुत कर सकेंगे.

प्र. क्र. 20-अ-82-2011-12.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में वर्णित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार, इसके द्वारा, सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई समस्त शक्तियों का प्रयोग करने के लिये अधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का विवरण				धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
सीहोर	नसरूल्लागंज	गोपालपुर	5.052	कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन संभाग, सीहोर.	घोघरा काम्प्लेक्स की गोपालपुर वितरिका की नहर हेतु.

(2) भूमि के नक्शे (प्लान) का निरीक्षण, कार्यालय, अनुविभागीय अधिकारी/भू-अर्जन अधिकारी, नसरूल्लागंज के कार्यालय में किया जा सकता है.

(3) उपरोक्त के संबंध में किसी भी व्यक्ति को यदि कोई आपत्ति हो तो वह 30 दिवस के भीतर अ.वि.अ. कार्यालय नसरूल्लागंज में प्रस्तुत कर सकेंगे.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
कवीन्द्र कियावत, कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला टीकमगढ़, मध्यप्रदेश एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

टीकमगढ़, दिनांक 4 अक्टूबर 2012

प्र. क्र. 5-भू-अर्जन-2012-13.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि नीचे दी गई अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार, सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हैक्टर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
टीकमगढ़	टीकमगढ़	बहादुरपुर	0.800	अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) टीकमगढ़.	बहादुरगढ़ तालाब योजना के नहर निर्माण हेतु भू-अर्जन.

प्र. क्र. 6-भू-अर्जन-2012-13.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि नीचे दी गई अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार, सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हैक्टर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
टीकमगढ़	टीकमगढ़	स्याग	4.500	अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) टीकमगढ़.	बहादुरगढ़ तालाब योजना के नहर निर्माण हेतु भू-अर्जन.

प्र. क्र. 7-भू-अर्जन-2012-13.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि नीचे दी गई अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार, सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हैक्टर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
टीकमगढ़	टीकमगढ़	प्रेमपुरा	0.700	अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) टीकमगढ़.	बहादुरगढ़ तालाब योजना के नहर निर्माण हेतु भू-अर्जन.

प्र. क्र. 8-भू-अर्जन-2012-13.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि नीचे दी गई अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अतः भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार, सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हैक्टर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
टीकमगढ़	टीकमगढ़	रानीपुरा	5.600	अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) टीकमगढ़.	बहादुरगढ़ तालाब योजना के नहर निर्माण हेतु भू-अर्जन.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
रघुराज राजेन्द्रन, कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला दमोह, मध्यप्रदेश एवं पदेन उपसचिव, मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग

दमोह, दिनांक 5 अक्टूबर 2012

क्र. 3799-भू.अ.अ.-2011-12-प्र. क्र. अ-82-वर्ष-2011-2012.—चूंकि, राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की, अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक, सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबंधों के अनुसार इसके द्वारा, सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है. राज्य शासन, इसके द्वारा, अनुसूची के खाने (5) में उल्लिखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिये प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
दमोह	दमोह	हरदुआ खुर्द	कुल भूमि 20.93	कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन विभाग, दमोह.	हरदुआ जलाशय योजना हेतु.

(2) सार्वनिक प्रयोजन के लिये भूमि का नक्शा (प्लान) अनुविभागीय अधिकारी एवं भू-अर्जन अधिकारी, दमोह, जिला दमोह एवं कार्यपालन यंत्री, जल संसाधन विभाग, दमोह के कार्यालय में देखा जा सकता है.

